## खबर संक्षेप

### सांसद ने महिला को दिलाई 50 हजार की सहायता

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने जरूरतमंद एक महिला मरीज को इलाज के लिए 50 हजार की आर्थिक मदद दिलाई है। सांसद श्री साहू की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर महिला को उनकी स्वेच्छानुदान मद से 50 हजार की आर्थिक सहायता दी है। गाजनडोह के वार्ड क्रमांक 04 निवासी श्रीमती शांति पति भरत पवार को मुख्यमंत्री श्री यादव ने इलाज के लिए 50 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि महिला के परिजनों ने पिछले दिनों सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात कर आर्थिक सहायता की मांग की थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने तत्काल ही मुख्यमंत्री श्री यादव को पत्र प्रेषित कर महिला को आर्थिक सहायता दिलाने कि मांग की थी। सांसद के प्रयास से सहायता मिलने पर गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीज का प्राइवेट अस्पताल में इलाज हो सकेगा।

### सांसद अमरवाड़ा के कार्यक्रमों में शामिल होंगे

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू 29 मई को छिन्दवाड़ा एवं अमरवाड़ा में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होगें। सांसद श्री साहू सुबह 11:30 बजे कलेक्ट्रेड कार्यालय के सभाकक्ष में कृषि विभाग द्वारा आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान के कार्यक्रम में शामिल होगें। दोपहर 3 बजे अमरवाड़ा नगर पालिका के पास स्थित बरात घर में आयोजित लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की जंयती पर निकलने वाली शोभायात्रा एवं संगोष्ठी के कार्यक्रम में शामिल होगें।

### 31 मई को देवी अहिल्या बाई की 300 वीं जयंती

**छिंदवाड़ा।** अखिल भारतीय पाल महासभा छिंदवाड़ा के राजेश पाल बाबा ने बताया कि महासभा द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 31 मई 2025 दिन शनिवार को स्थानीय खजरी गाडरीढाना में लोकमाता अहिल्या की जयंती 300 वीं जयंती का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया है ।

## पुलिस चौकी अम्बाड़ा के ग्राम रिछेड़ा का मामला, घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

# जमीनी विवाद में सगे बने खून के प्यासे, कुल्हाड़ी से 6 लोग घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव पुलिस थाने से मिली जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी अंबाड़ा के रिछेड़ा में खूनी रिश्ते के भाई भाई जमीनी विवाद में खून के प्यासे बने पुलिस ने मामले पर जानकारी देते हुए बताया कि दो पक्षों में विवाद हुआ जिसमें काउंटर मामला 6 लोगों पर दर्ज किया गया है।

मामला खेती के हिस्से बंटवारे को लेकर बताया जा रहा है विवाद को सुलझाने के लिए घर में पंचायत बिठाई गई थी लेकिन मामला विवाद में तब्दील एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिसमें 6 लोगों को चोटों आई है वहीं दूसरे पक्ष द्वारा फरसे से वार किया गया है जिसमें प्राथमिक उपचार जुन्नारदेव में करने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध क्रमांक 195/25 सहित विभिन्न धारा में मामला चौकी प्रभारी तरुण मरकाम द्वारा दर्ज किया गया है।

### ये हुए घायल

घायल सतीश यदुवंशी (38) की रिपोर्ट पर मदन यदुवंशी (40) और विनोद (39) यदुवंशी के ऊपर मामला दर्ज हुआ। वहीं विनोद यदुवंशी (39) की रिपोर्ट पर भाग लाल यदुवंशी (48), सतीश यदुवंशी (38), मोहित यदुवंशी (30), आनंद यदुवंशी (32) के ऊपर मारपीट का गागला दर्ज किया गया।

## सड़क हादसे में घायल यश की मौत, आरोपी कॉन्स्टेबल फरार

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा के गुलाबरा निवासी यश लोखंडे (20) की इलाज के दौरान मौत हो गई है। यश 25 और 26 मई की दरम्यानी रात सड़क हादसे में घायल हुआ था। उसे पहले नागपुर रेफर किया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे ब्रेन डेड घोषित किया। इसके बाद उसे छिंदवाड़ा जिला अस्पताल लाया गया, जहां सोमवार को उसकी मौत हो गई।

### शराबी आरक्षक ने मारी थी टक्कर



हादसा बस स्टैंड स्थित पुलिस चौकी के सामने रात करीब 12:30 बजे हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रॉन्ग साइड से आ रहे नशे में धुत आरक्षक हर्षित शर्मा ने बाइक सवार यश लोखंडे और उराके साथी रुद्रांश राजपूत को टक्कर मार दी थी। हादसे में यश गंभीर रूप से घायल हो गया था, जबकि रुद्रांश अब भी ICU में भर्ती है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। रुद्रांश भाजपा नेता अरविंद राजपूत का बेटा है।

### नेता पहुंचे अस्पताल

रुद्रांश की स्थिति जानने के लिए भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, जिला संगठन प्रभारी संतोष पारीक और सांसद विवेक बंटी साहू अस्पताल पहुंचे। उन्होंने डॉक्टरों से बात कर बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही।

### आरोपी आरक्षक फरार

आरोपी आरक्षक अब भी फरार हादसे के बाद से ही आरोपी आरक्षक हर्षित शर्मा फरार है। पुलिस उ उसकी तलाश कर रही है। यश लोखंडे की मां का निधन उसके बचपन में ही हो गया था। परिवार में केवल उसके पिता और चाचा है। यश की मौत के बाद गुलाबरा क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## लापरवाही बरतने पर पीओ मनरेगा का कटेगा मानदेय, दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में ग्रामीण विकास विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सांसद/विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन सहित ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अग्रिम कुमार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, सहायक यंत्री, जिला पंचायत की शाखाओं के परियोजना अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**स्वच्छता परिसरों का हो समुचित उपयोग** - कलेक्टर श्री सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत किए गए कार्यों की सराहना की और जिले के नवाचार ₹वॉश ऑन व्हील्स₹ को शासन द्वारा पूरे प्रदेश में लागू करने के निर्णय पर सीईओ जिला पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि स्वच्छता परिसर जो इस अभियान के तहत बने हैं, उन पर ताले नहीं लगने चाहिए। स्वच्छता परिसरों का समुचित उपयोग सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सभी सीईओ जनपद को निर्देशित किया कि वे गाँवों में स्वच्छता को लेकर व्यापक जागरूकता फैलाएं।

**कर्तव्य में लापरवाही पर सख्त रुख** - कलेक्टर ने पीओ मनरेगा को डगवेल रिचार्ज और फार्म पोंड के कार्यों में लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं दंडात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। संबंधित एई की एक वेतन वृद्धि रोकने के लिए भी निर्देशित किया है। साथ ही जीआरएस, एपीओ और सब इंजीनियर सहित अन्य अधिकारियों पर भी लापरवाही के लिए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

**लेबर इंगेजमेंट बढ़ाने के निर्देश** - कलेक्टर ने मनरेगा योजना के अंतर्गत तामिया, परासिया और मोहखेड़ जनपदों को लेबर इंगेजमेंट बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## किसानों को पर्याप्त खाद बीज उपलब्ध कराने सांसद ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**छिन्दवाड़ा।** धरती पुत्र, अन्नदाता किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव प्रयास करने वाले संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू ने कलेक्टर शीलेंद्र सिंह को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद बीज नहीं मिल पाने और निजी दुकानों से महंगे दामों में खाद बीज बेचे जाने पर चिंता जताते हुए किसानों को इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

सांसद श्री साहू ने बताया कि खाद बीज की समस्या के निराकरण को लेकर किसान उनके पास आ रहे है वहीं निजी दुकानों से किसानों को महंगे दामों में खाद बीज बेचे जाने की भी शिकायतें प्राप्त हो रही है। किसानों की समस्याओं को देखते हुए सांसद ने तत्काल कलेक्टर शीलेंद्र सिंह को पत्र लिखा और किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर को कार्यवाही करने कहा। पत्र के जरिए सांसद बंटी विवेक साहू ने कलेक्टर से कहा कि वे इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी करे।

सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए ये कृत संकल्पित है। वही सरकार द्वारा किसानों के लिए खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में डीएपी यूरिया सहित अन्य रासायनिक खाद और बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है।

## कांग्रेस की विधानसभावार होगी बैठकें

**छिन्दवाड़ाः** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र की सभी विधानसभाओं की आयोजित बैठकों में सम्मिलित होंगे। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार दो दिवस में सात विधानसभा के समस्त प्रभारीगण, पर्यवेक्षकगण, ब्लॉक अध्यक्षगण, कार्यकारी अध्यक्षगण, ब्लॉक समन्वयकगण, उप ब्लॉक अध्यक्षगण व शहर अध्यक्षगण, क्षेत्रीय कमेटी के अध्यक्षगणों की बैठक में कमलनाथ एवं नकुलनाथ सम्मिलित होंगे।

## सांसद ने किया करण वर्मा का सम्मान

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने केन्द्रीय विद्यालय एक में कक्षा 12वीं के छात्र करण वर्मा को विद्यालय सहित जिले भर में टॉप पोजीशन प्राप्त होने पर सांसद कार्यालय में शॉल श्रीफल और पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया, साथ ही करण के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। विदित हो कि बरारीपुरा के साबलेवाड़ी निवासी जयबिन्द वर्मा के पुत्र करण वर्मा ने 12वीं सीबीएससी परीक्षा में मेथ्स सांइस विषय में 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय सहित जिलेभर में संचालित होने वाले केन्द्रीय विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। करण ने जेई मेन्स में भी सफलता प्राप्त कर ली है। करण वर्मा के पिता होमगार्ड में नगर सैनिक के पद पर कार्यरत है। करण ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरूजनों को दिया है। इसके पूर्व करण वर्मा का कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा भी सम्मान किया जा चुका है।



## धार्मिक श्रवण संस्कृति संस्कार शिक्षा संस्कार शिविर की परीक्षाएं

**छिंदवाड़ा।** आचार्य 108 विद्यासागर महाराज जी एवं सुधासागर महाराज जी की प्रेरणा से धार्मिक श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण संस्कार शिविर की हुई परीक्षा शिविर के मिडिया प्रभारी सुजीत जैन ने बताया कि 28 मई 2025 को सुबह 9.00 बजे पिछले 21 मई से चल रहे धार्मिक शिक्षण शिविर में श्री पंडित सुनील शास्त्री निर्देशन में अधिक से अधिक संख्या में लोगों ने शिविर में भाग लेकर कई क्लासों को अटेंड किया एवं परीक्षा में सम्मिलित होकर धर्म की प्रभावना की श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर छिंदवाड़ा दिनांक 28 मई 2025 दिन बुधवार समय प्रातः 9 बजे स्थान - विद्या निकेतन स्कूल छिंदवाड़ा अलग अलग कक्षा 1 पहला भाग 2 दूसरा भाग 3 भक्तामर स्तोत्र 4 छह ढाला 5 द्रव्य संग्रह 6 इष्टोपदेश 7 तत्वार्थ सूत्र '8 छोटे बच्चों की मौखिक परीक्षा संपन्न हुई इस शिविर मै सांगानेर शिक्षण सस्थान से आये विद्वान श्री शरद शास्त्री नीरज शस्त्री प्रशांत जी सुदर्शन शस्त्री देवेंद्र शास्त्री छिंदवाड़ा के श्री सुनील भडारी रजनी जैन जी ने जैन समाज के महिला पुरुष बच्चों को अध्ययन कराया साथ शिविर मै महासभा अध्यक्ष राजेंद्र पटौदी जी गोला पूरब समाज के अध्यक्ष अभय जैन, अशोक बाकलीवाल, विशाल जैन, सुजीत जैन की महत्वपूर्ण भूमिका इस शिवर में रही।

## छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा की गई आयोजित



**छिंदवाड़ा।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट सतना एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित बैचलर ऑफ 1शल वर्क,मास्टर ऑफ सोशल वर्क सी एम सी एल डी पी पाठ्यक्रम का संचालन शासकीय महाविद्यालय तामिया में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम बीएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों की आज प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न हुई। दो दिवसीय आयोजित इस प्रायोगिक परीक्षा में बीएसडब्ल्यू प्रथम, व्दितीय, अंतिम वर्ष एवं एमएसडब्ल्यू प्रथम व अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रयोगशाला ग्राम में वर्ष भर किए फील्ड के सामाजिक कार्यों के दस्तावेज दिखाकर परीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दो दिवसीय प्रायोगिक परीक्षा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक श्री संजय बामने, परीक्षक सहदेव यदुवंशी, श्री डॉ.चंद्रकांत विश्वकर्मा, श्रीमती स्वाति सूर्यवंशी, श्री पंकज राय, श्री सुभाष मिनोटे,आयुषी मालवी, परामर्शदाता श्रीसंदीप राज, सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सावरवानी में दो साल में महिलाओं द्वारा पर्यटकों को बेचा गया एक हजार 350 किलो घी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा संचालित ग्रामीण होम स्टे योजना ने ग्रामीणों के लिए स्वरोजगार के रास्ते खोल दिए हैं, जिसका फायदा महिलाओं को भी मिल रहा है। होम स्टे संचालन में महिलओं का पूरा योगदान है और पर्यटन ग्राम सावरवानी में महिलाएं शुद्ध देशी घी बेचकर हजारों रूपए कमा रही हैं। बीते दो सालों में सावरवानी में पर्यटकों को एक हजार तीन सौ पचास किलो घी बेचा जा चुका है, जिससे गांव में करीबन 11 लाख रूपए की आमदनी हुई है। यहां की महिलाएं अपने घर के आंगन में उगाए गए पपीते, खेतों में उगी सब्जियां और दाल बेचकर आत्मनिर्भर बनी हुई है। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए गए छिंदवाड़ा के सभी पर्यटन ग्रामों में महिला आत्मनिर्भरता के बेहतरीन उदाहरण देखने को मिल रहे हैं। सावरवानी में महिलाएं पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करती हैं और पर्यटकों को दी जाने वाली सारी सुविधाओं, ग्राम की सफाई में भी उनका योगदान रहता है। यहां महिलाओं ने एक नया कीर्तिमान शुद्ध देशी घी बेचकर रचा है।

## रिश्वत के लालच में संबल योजना की फाइल लटकाने का आरोप

### शैलेष के अनुसार उसके पिता की मृत्यु 28 सितंबर 2020 को लेंढोरी में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

विकासखंड के ग्राम लेंडोरी निवासी शैलेष खापरे ने उसके पिता की मृत्यु का संबल योजना प्रकरण रिश्वत के लालच में कर्मचारियों द्वारा लटकाने का आरोप लगाते हुए इस आशय की शिकायत कलेक्टर कार्यालय पांढुर्ना में की है। दूसरी तरफ जनपद के संबल योजना प्रभारी सुनील कोचेकर ने बताया कि यह प्रकरण अपात्र पाया गया इसलिए निरस्त कर दिया गया है।



शैलेष के अनुसार उसके पिता की मृत्यु 28 सितंबर 2020 को लेंढोरी में हुई। इसके बाद शैलेष ने संबल योजना के तहत पंचायत के सचिव फुलजी वटके के पास वांछित दस्तावेजों सहित 01 अक्तु. 2020 को प्रकरण प्रस्तुत किया गया।

इसके उपरांत सचिव और कर्मचारियों द्वारा प्रकरण स्वीकृत करने 50 हजार रू. की रिश्वत मांगने और नहीं दिए जाने पर फाइल गायब करने का आरोप शैलेष ने लगाया है। इसके 4 वर्ष बाद शैलेष ने पुनः दस्तावेजों सहित अपने पिता का दोबारा पंचायत में प्रकरण प्रस्तुत किया। शैलेश का आरोप है कि उसे इधर उधर और फिर कलेक्टर कार्यालय में जाओं कहकर 10 माह से भटकाया जा रहा है लेकिन कोई काम नहीं कर रहा है।

दूसरी तरफ जनपद में संबल योजना प्रभारी सुनील कोचेकर ने बताया कि वर्ष 2020 में शिकायतकर्ता का प्रकरण में संलग्न पटवारी प्रतिवेदन के अनुसार शासन द्वारा निर्धारित कृषि भूमि से अधिक भूमि होने पाए जाने के कारण निरस्त कर दिया गया था।

वर्तमान स्थिति के बारे में सुनील कोचेकर ने बताया कि मौत के 6 माह तक जनपद पंचायत को प्रकरण बनाने का अधिकार होता है यदि इसके बाद प्रकरण दर्ज कराना है तो उसके अधिकार कलेक्टर कार्यालय को है। शिकायतकर्ता द्वारा दोबारा प्रस्तुत प्रकरण टाईमबार होने के कारण हमने कलेक्टर को अग्रेषित किया है।

## कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष संगठन को वार्डों में करेंगे सशक्त

### उत्तर उप ब्लॉक के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में भरा जोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस के उप ब्लॉकों में संगठन विस्तार के साथ ही सशक्त टीम तैयार करने बैठकों में मंथन जारी है। इसी कड़ी में कांग्रेस के उत्तर उप ब्लॉक की बैठक स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में सम्पन्न हुई। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, गंगाप्रसाद तिवारी व उत्तर उप ब्लॉक अध्यक्ष श्री सचिन वानखेड़े के मार्गदर्शन में आयोजित उत्तर उप ब्लॉक की बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करने के साथ ही कार्यवाहक अध्यक्षों को वार्डवार संगठन विस्तार की जिम्मेदारी सौंपी गई। आगामी दिवसों में की जाने वाली नियुक्तियों पर आम सहमति बनी। उत्तर उप ब्लॉक की प्रति माह होने वाली बैठक, पदाधिकारियों को सौंपी जाने वाले जिम्मेदारी सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता पार्टी के प्रति निष्ठावान व समर्पित है।

## किसानों को पर्याप्त खाद बीज उपलब्ध कराने सांसद ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**छिंदवाड़ा।** धरती पुत्र, अन्नदाता किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव प्रयास करने वाले संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू ने कलेक्टर शीलेंद्र सिंह को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद बीज नहीं मिल पाने और निजी दुकानों से महंगे दामों में खाद बीज बेचे जाने पर चिंता जताते हुए किसानों को इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। सांसद श्री साहू ने बताया कि खाद बीज की समस्या के निराकरण को लेकर किसान उनके पास आ रहे है वहीं निजी दुकानों से किसानों को महंगे दामों में खाद बीज बेचे जाने की भी शिकायतें प्राप्त हो रही है। किसानों की समस्याओं को देखते हुए सांसद ने तत्काल कलेक्टर शीलेंद्र सिंह को पत्र लिखा और किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर को कार्यवाही करने कहा। पत्र के जरिए सांसद बंटी विवेक साहू ने कलेक्टर से कहा कि वे इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी करे। सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए ये कृत संकल्पित है। वही सरकार द्वारा किसानों के लिए खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में डीएपी यूरिया सहित अन्य रासायनिक खाद और बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों को अपने कृषि कार्य में कोई दिक्कत ना हो इसके लिए सांसद स्वयं हर संभव प्रयास कर रहे है।

### मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद नीता पटेरिया रहीं उपस्थित

## अहिल्या बाई होलकर की जन्म शताब्दी पर महिला आयोजित हुआ सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के द्वारा पुण्यश्लोका देवी अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 21 मई से 31 मई तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इसी श्रृंखला में आज महिला जनप्रतिनिधियों को सम्मेलन जिला भाजपा कार्यालय छिंदवाड़ा में किया गया ।



इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया जी उपस्थित रहीं । कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, सांसद बंटी विवेक साहू, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती गरिमा दामोदर उपस्थित रहे । उद्बोधन में श्रीमती नीता पटेरिया जी ने अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन का पूर्ण वृतांत बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी का स्थान सदैव सबसे उपर रहा है और जिस तरह देवी अहिल्याबाई होल्कर जी ने अपने जीवन में न्याय, सुशासन एवं सनातन धर्म को सर्वोपरि रखके शासन किया इसी तरह सभी महिलाओं को भी इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी शिक्षा, न्याय, सुरक्षा, व्यवसाय एवं धर्म के क्षेत्र में कार्य कर रहे है ।

सांसद बंटी विवेक साहू जी ने महिला जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह 300 वर्ष पूर्व एक महिला ने पूरे देश में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किए और एक अमिट छाप छोड़ी उसी तरह पुनः महिलाओं को देश में शासन करने का अवसर मिले इसलिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने महिलाओं को स्थानीय निकाय चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया है एवं आने वाले विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में 33 प्रतिशत का आरक्षण महिलाओं को देने जा रहे है जिससे देश में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा । कार्यक्रम की सहप्रभारी श्रीमती गरिमा दामोदर ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए अध्यक्षीय उद्बोधन दिया । इस कार्यक्रम का मंच संचालन भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री मीना दुबे ने दिया ।

इस कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री श्रीमती ललिता वर्मा, श्रीमती कामिनी शाह, श्रीमती ज्योति डेहरिया, श्रीमती भारती साहू, श्रीमती सविता भोसम जनपद अध्यक्ष, श्रीमती सोनिया कुमरे नगरपालिका उपाध्यक्ष, श्रीमती दीपा डेहरिया आदि मौजूद रहे।

## अभिषेक और हवन पूजन के बाद हुआ विशाल भंडारा, बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

# पीडब्ल्यूडी परिसर में धूमधाम से मनाया शनि जन्मोत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

माँ दुर्गा गणेश शनि सेवा समिति शनि मंदिर प्रांगण पी डब्लू डी परिसर शिवनगर कॉलोनी में शनि जनमोत्स्व बड़े धूमधाम विधिविधान से मनाया गया। समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस ने जानकारी देते हुये बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शनि जनमोत्स्व बड़े धूमधाम ओर विधिविधान से मनाया गया । दिनाँक 27-05-2025 दिन मंगलवार को शाम 7 बजे समिति के सदस्यों तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं भक्त गण द्वारा गणेश एवं मंडल पूजन, शनि महाराज जी का अभिषेक ओर हवन पूजन किया गया इसके उपरांत देर रात तक भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया । पूजन कार्यक्रम में विशेष रूप से श्री पंडित राम शर्मा , श्री धनराज यादव ,श्री डॉ रिषु पाराशर, श्री कृष्णा राव ताठे , श्री चुन्नीलाल खुराना ,श्री शिव राव पवार,श्री देवेन्द्र अग्निहोत्री , श्री गोलू कांता , श्री प्रदीप ब्रम्हे, राजा ब्रम्हे, राजकुमार उइके, शुभम चंद्रवंशी, पंचशील उईके, मिंटू श्रीवास,शिवम उईके, कल्लू गुनहरे,प्रकाश यादव,अनुरुद्ध भलावी,वेदांत मिश्रा, दिनेश शिववंशी,हर्षित यादव,खुशाल शिववंशी तथा श्री अम्बिका प्रसाद मिश्रा , श्री सुरेंद्र दुबे मंदिर पुजारी उपस्थित थे।

## कोयलांचल से हाजियों का जत्था रवाना, जगह-जगह हुआ इस्तकबाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

इस्लाम धर्म की पवित्र यात्रा हज में जाने वाले जायरिनों की रवानगी प्रारंभ हो गई है । बुधवार को परासिया चांदामेटा बड़कुही सहित रावनवाड़ा के 19 हज यात्रियों रवाना हुए । जिनका इस दौरान जगह जगह फूल मालाओं से इस्तकबाल किया गया । मिठाई खिलाकर उनके हज को अल्ला कुबूल करे एवं उनकी हज यात्रा आसान हो इस दुआ के साथ मोमिनों ने उन्हें बिदाई दी। साथ ही देश में अमन शांति व खुशहाली रहने दुआ की गुजारिश की गई । इस मौके पर अन्य धर्मो के साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि नाते रिश्तेदारों के अलावा बड़ी संख्या में मुस्लिम समाजिक बंधु उपस्थित रहे ।

परासिया में थाने के सामने अंजुमन कमेटी गुरु गोविंद सिंह चौक में इंडियन मुस्लिम एसोसिएशन ने हाजियों का इस्कबाल किया तो वहीं चांदामेटा में अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी द्वारा बस स्टॉप पर स्वागत किया। ज्ञात हो कि हज में जाने वाले यात्रियों की यह यात्रा 40 दिनों की होगी । जो की सऊदी अरब के मक्का एवं मदीना शहर में रहकर अपने हज के नियमों को पूरा कर लौटेंगे ।

### ये हुए रवाना

बुधवार को कोयलांचल से जाने वाले हज यात्रियों में परासिया के मोहम्मद अकरम आयशा अब्दुल सत्तार आयशा बेगम सैय्यद फैजान अली जेबा अली अजीजा फातिमा, चांदामेटा से रफीक खान व शमीम बानो बड़कुही के इमाम खान इलाही बक्स परवीन बानों मोहम्मद शाहिद कुरैशी अंजुम व तबस्सुम कुरैशी वही रावनवाड़ा जरगल निवासी इम्तियाज अहमद सायदा बेगम मुस्ताक खान एवं तस्लीम फातिया। यह सभी नागपुर के लिए रवाना हुए हैं जहां से यह सभी हवाई यात्रा कर सउदी अरब के जद्दा एयरपोर्ट पहुंचेंगे ।

# संत जगनाडे महाराज प्रतिमा के पास अवैध शराब बिक्री पर रोक की मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कल संत जगनाडे मातृशक्ति तेली समाज संगठन ने प्रशासन को ज्ञापन देकर संत जगनाडे महाराज चौक के समीप अवैध रूप से शराब बेचनेवालों पर कारवाई करने की मांग की है। ज्ञापन के अनुसार पुलिस अधिक्षक कार्यालय के करीब कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से चोरी छिपे शराब बेची जा रही है।

शराबियों द्वा इस क्षेत्र में रास्तों पर गुंडागर्दी और गालीगलौज किए जाने का शिकायत में उल्लेख है। इसके साथ ही परिसर में रात्रि के दौरान आवाजाही करनेवाली महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पडता है।

शराबियों द्वारा खुलेआम रास्तों पर आपसी वाद विवाद किए जाने के कारण यहां से गुजरनेवाली महिलाएं दहशत में रहती है। संत जगनाडे मातृशक्ति तेली समाज संगठन ने पुलिस विभाग, आबकारी विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर संत जगनाडे महाराज प्रतिमा के पास अवैध रूप से बेची जा रही शराब और बेचनेवाले पर कारवाई की मांग की है।

# जिनके पास जमीन नहीं, उनको मिलेगा प्रधानमंत्री आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण में जिनके पास जमीन नहीं उनको भी मकान मिलेंगे । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने लोगों से , आनलाईन आवेदन करने की अपील की है । श्री मालवीय ने बताया , कि परासिया में प्रधानमंत्री आवासा योजना के दूसरे चरण में आवासहीनों के लिए मल्टी का निर्माण करने की प्रक्रिया की जाएगी । इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं । ऐसे व्यक्ति जिनके पास जमीन नहीं है एवं जो वर्षो से किराए के मकान में निवास कर रहे हैं उनके आवेदन आमंत्रित किए गए हैं । दो चरणो में आवेदन लिए जा रहे हैं ।पहले निर्धारित दस्तावेजों के साथ आनलाईन आवेदन करना है । वहां से मिले दस्तावेज को नगर पालिका में जमा करना होगा । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा , कि पहले चरण में उन आवासहीनों को मकान दिए गए थे जिनके पास रजिस्ट्री और पट्टा था । दूसरे चरण में जिनके पास जमीन नहीं है और मकान भी नहीं है , वें ही आवेदन करें । आनलाईन आवेदन की प्रक्रिया में आधार कार्ड , वोटर कार्ड , समग्र आईडी , राशन कार्ड और दो फोटो आवश्यक होगी । नगर पालिका ने मल्टी बनाने के लिए जगह की तलाश कर ली है । नागरिकों की सुविधा के अनुसार जगह का चयन कर नगर पालिका वहां सुविधाएं उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करेगी । मल्टी में आवास के लिए निर्धारित राशि जमा करना होगा । इसके लिए किश्तों में राशि जमा करने की सुविधा निर्धारित पात्रता के अनुसार रहेगी ।

## मनोहारी वेदी पर विराजमान हुई जिन प्रतिमाएं

**सिंगोड़ी।** विद्वानों की नगरी सिंगोड़ी में श्री पार्श्वनाथ जिनालय ट्रस्ट द्वारा सुंदर एवं मनोहारी श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ जिनालय का निर्माण किया गया, जिसका दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विधि विधान पूर्वक ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ, जिसमें छिंदवाड़ा सहित पूरे देश से सैकड़ों जैन बंधुओं ने सम्मिलित होकर जिनशासन की मंगल प्रभावना की।महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि द्वितीय दिवस याग मंडल विधान का आयोजन कर विश्व शांति की मंगल भावना के साथ शांति यज्ञ किया गया जिसमे बड़ी संख्या में इंद्र - इन्द्रियों सहित श्रावक श्राविकाओं ने पूजन विधान में हिस्सा लेकर श्री वीतराग देव - शास्त्र - गुरु भगवंतो का गुणगान किया।भव्य घटयात्रा निकली -वेदी शुद्धि के निमित्त मंगल कलशों के साथ महिला मंडल द्वारा घटयात्रा निकाली गई जिसमें मंगल कलश के साथ अष्ट कुमारिकाओं सहित श्राविकाओं ने नगर का भ्रमण किया पश्चात पार्श्वनाथ जिनालय पहुंचकर वेदी शुद्धि की जिसका सौभाग्य ब्रह्मचारी बहनों के साथ सभी मातृ शक्तियों को प्राप्त हुआ।जिनशासन सेवकों का किया अभिनंदन -महोत्सव समिति एवं श्री पार्श्वनाथ जिनालय ट्रस्ट द्वारा प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी डॉक्टर मनोज जैन जबलपुर, सह प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी महेंद्र जैन अमायन, मंच संचालक विराग शास्त्री जबलपुर सहित विद्वतगणों में मनोज शास्त्री करेली, डॉ. विवेक जैन, विमल जैन, सुरेन्द्र पंकज, मीडिया प्रभारी, प्रकाश अहिंसा का अभिनंदन किया गया।

## अहिल्या देवी होलकर की 300वीं जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज उकवा।

ग्राम उकवा की सामाजिक संस्था अहिल्या देवी होलकर सामाजिक शैक्षणिक संस्था द्वारा अहिल्यादेवी होलकर 300 जयंती के अवसर पर एक समारोह का आयोजन श्रीमती उषा गिरे नीज निवास पर आयोजन आयोजित किया गया सर्वप्रथम संस्था की अध्यक्ष द्वारा भारत माता एवं अहिल्या देवी के छायाचित्र का विधिवत दीप जलाकर पूजन अर्चन किया गया एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया महिलाओं के सर्वांगीण विकास हेतु नारी सशक्तिकरण किए गए प्रयासों के बारे में उपस्थित महिलाओं को समझाया गया उसके पश्चात संस्कृति कार्यक्रम तत्कालीन प्रश्न उत्तर वाद विवाद कार्यक्रम रखा गया इसके पश्चात संस्था के अध्यक्ष उषा गिरे द्वारा महापुरुषों एवं रमाबाई अंबेडकर की जीवन गाथा प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी प्रथम आईपीएस किरण बेदी 1972 एवरेस्ट इंद्रपाल आदि का स्मरण किया गया इस अवसर पर श्रीमती शांताबाई खरबड़े श्रीमती संगीता मंडे रामवती बाबूलाल यूके श्री मुरलीधर नर्सवानी राजेश अग्रवाल आरती दीपाली उइके मंजू मिश्रा आशा पंद्रे आदि महिलाएं उपस्थित होकर आयोजन की सफल बनाया इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में आने वाले प्रथम द्वितीय प्रतिभागी पुरस्कृत किए गए।

# "शर्म नहीं, समझ चाहिए" ग्राम खरपड़िया में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर बेटियों के सम्मान को मिला नया स्वर

## आदर्श दान पत्र सेवा समिति बालाघाट की पहल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



गांव की पगडंडियों पर जब बात "मासिक धर्म" जैसे विषय की होती है, तो अक्सर चुप्पी छा जाती है। लेकिन आज ग्राम खरपड़िया (तहसील केवलारी, जिला सिवनी) की हवाओं में एक नई सोच, एक नई शुरुआत की गूंज सुनाई दी।आदर्श दानपात्र सेवा समिति, बालाघाट द्वारा संचालित "हमारी किशोरी, हमारा आधार" कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन न केवल एक जागरूकता अभियान था, बल्कि यह एक सामाजिक क्रांति का बीज भी साबित हुआ।इस अवसर पर गाँव की 51 किशोरियों, महिलाओं एवं पुरुषों ने सक्रिय रूप से भाग लिया — यह संख्या मात्र नहीं, बल्कि बदलाव की प्रतीक बन गई।कार्यक्रम में विशेषज्ञों और समिति के सदस्यों द्वारा मासिक धर्म से जुड़े शारीरिक स्वास्थ्य, स्वच्छता, सामाजिक मिथक और मानसिक दृष्टिकोण पर खुलकर संवाद किया गया। चर्चा संवेदनशील, ज्ञानवर्धक और उत्साहजनक रही — जिसमें किशोरियों ने बिना संकोच के अपने सवाल रखे।

समिति अध्यक्ष श्री राहुल वैद्य ने कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए कहा"मासिक धर्म कोई शर्म की बात नहीं, यह जीवन की शुरुआत है। आज जब गाँव की बेटियाँ एवं महिलाएं खुलकर सवाल पूछ रही हैं – तो यकीन होता है कि परिवर्तन संभव है।"कार्यक्रम में समिति के सदस्य नेगेश वैद्य, प्रकल्प भोरजार , मनीषा गोंडाने, सरोज, श्रीमती साधना सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने सहयोग, संवेदनशीलता और सहभागिता से इस आयोजन को सफल बनाया।हर प्रतिभागी किशोरी और महिला को निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए गए — क्योंकि जागरूकता तभी सार्थक होती है जब सुविधा, सहारा और सम्मान साथ चलें।यह आयोजन न सिर्फ महिलाओं और किशोरियों के लिए शिक्षाप्रद रहा, बल्कि गाँव के पुरुषों को भी संवेदनशीलता, समर्थन और समावेशन का महत्व समझाने वाला एक महत्वपूर्ण सामाजिक अवसर बना।आज ग्राम खरपड़िया ने यह सिद्ध कर दिया कि जब नीयत सच्ची हो और उद्देश्य स्पष्ट, तो बड़ा सामाजिक बदलाव भी गाँव की मिट्टी से जन्म ले सकता है।कार्यक्रम की सफलता के लिए समिति के सभी सदस्यों, सहयोगी कार्यकर्ताओं एवं दानदाताओं का हृदय से आभार प्रकट करते हैं, जिनकी संवेदनशीलता और सहभागिता ने इस प्रयास को संभव बनाया।

## आबकारी विभाग की अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री सुरेंद्र कुमार उरांव के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। बुधवार को आबकारी वृत बालाघाट के द्वारा ग्राम जागपुर में नाला किनारे अलग-अलग स्थानों पर ड्रम में भरा हुआ लगभग 960 किलो लाहन जप्त किया गया। जिसमें 02 प्रकरण मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जप्त सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 96,000 रुपये बताया गया है। सेम्पल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया। कार्यवाही में वृत प्रभारी, उपनिरीक्षक रमाकांत बघेल, आरक्षक सुरेंद्र गजभिए, लखन चौधरी और आरिफ खान उपस्थित रहे।

# कुम्हारीकला, घोटी, बोलेगांव में प्रतिमाह निःशुल्क नेत्र शिविर सम्पन्न : खोंगल



हरिभूमि न्यूज लांजी। महावीर इंटरनेशनल लांजी जिला बालाघाट म प्र द्वारा प्रतिमाह निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन दिनांक 27 मई एवं 28 मई 2025 को कुम्हारिकला, बोलेगांव, घोटी, सभी स्थानों पर आयोजित किया गया साथ ही प्रशिक्षित डॉक्टर कर्मवीर सिंह जी ,और सहयोगी अरशद खान, इंद्रकुमार राजा भुते के द्वारा शिविर सम्पन्न किया गया, इस अवसर पर मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 110 लोग की जांच एवं 15 लोग चयनित हुए महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के डिप्टी डायरेक्टर & चेयरमैन लांजी श्री विशाल राउत खोंगल , ने बताया कि अब नागरिकों को परेशान होने की जरूरत नहीं, प्रतिमाह 27,28 तारीख को यह सभी स्थानों पर शिविर सम्पन्न कराया जाएगा लोगों की सुविधा प्रदान करने के लिए प्राणी मात्र सेवा के लिए समर्पित महावीर इंटरनेशनल लांजी ,अपेक्स रीजन 9 के द्वारा महावीर स्वास्थ सेवा केंद्रों के द्वारा सुविधा स्थानीय लोगों के स्वास्थ सहयोग प्रदान के लिए किया जा रहा है । विशाल राउत खोंगल के कहा की अब नागरिकों को दूर दूर तक सफर करने की जरूरत नहीं अपने निकटतम सेवा केंद्र में पहुंचकर जांच परामर्श मार्गदर्शन प्राप्त कर सेवा का लाभ ले । मरीजों की सारी सुविधा केंद्र से ही प्रदान किया जाएगा केंद्र में ही बस सुविधा पहुंचकर लोगो को सुविधा प्रदान करेंगे।

महावीर इंटरनेशनल अपेक्स लांजी जिला बालाघाट म प्र, रीजन -9 के द्वारा प्रतिमाह नेत्र जांच शिविर का आयोजन दिनांक 27/05/2025 कुम्हारीकला मे और 28/05/2025 को बोलेगांव, घोटी में निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच स्वास्थ शिविर आयोजित किया गया। महावीर इंटरनेशनल के डिप्टी डायरेक्टर एवं चेयरमैन लांजी विशाल राउत खोंगल इन्होंने बताया सबकी सेवा, सबको प्यार , जियो और जीने दो के सिद्धांत पर ग्रामीण क्षेत्र में महावीर सेवा केंद्र का आयोजन कर लोगों के स्वास्थ्य लाभ के लिए शिविर आयोजित किए जाते हैं जिसमें लोगों को परेशानी ना हो दूर-दूर से भटकना ना पड़े और अपने पास के निकटतम केंद्र में जाकर अपना इलाज कराए और वहीं से उन्हें सारी सुविधा उपलब्ध करा कर उनका इलाज किया जाएगा।

## मौत के जोखिम फिर भी वन्य जीवों के संरक्षण में जुटी शिक्षा

# कान्हा नेशनल टाइगर पार्क की परवरिश में ग्रीन सोल्जर्स की भूमिका निभा रहीं वन रक्षक महिलाएं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आज विश्व में कान्हा नेशनल टाईगर पार्क की प्रसिद्धि और उपलब्धि में कई ग्रीन सोल्जर्स का बड़ा अहम योगदान हैं। जहां हर भारतीय और विदेशी भी सफारी के लिए लालतीत रहते हैं। इस प्रसिद्धि व उपलब्धि में महिला ग्रीन सोल्जर्स की परवरिश का बड़ा हाथ है। कान्हा नेशनल टायगर पार्क में 55 महिला ग्रीन सोल्जर्स की देखरेख में वन और वन्य जीव सुरक्षित है। एक ऐसी ही महिला ग्रीन सोल्जर है शिक्षा जो फिलहाल समनापुर रेंज के बफर जोन में वन रक्षक की भूमिका में है। शिक्षा वनों की सुरक्षा बड़ी ईमानदारी से करती है, तभी तो वो अपने कार्य क्षेत्र जंगल में भी अपने 1 वर्ष के बालक के साथ देखी जा सकती है। जबकि वो जानती भी यह जोखिम से भरा जंगल है। क्योंकि मधुमक्खी के हमले में उनकी जान बड़ी मुश्किल से बची है। उनकी ही तरह पुष्पलता तराम भी सजग और पूरी चौकसी के साथ कान्हा कोर क्षेत्र में तैनात है। इसी जंगल में 3 वर्ष पहले उनके पति की मृत्यु हुई। इसके बावजूद उन्हें इस जंगल से बड़ा लगाव है। इसी लगाव के साथ पुष्पलता कान्हा के वन्य जीवों की सुरक्षा में बड़ी सतर्कता के साथ काम लेती है।



### परिवार से 250 कि मी . अ के ली जंगल और देहात में कर जंगल में सेवा

ग्रीन सोल्जर शिक्षा सोनी कान्हा नेशनल टाइगर पार्क के कोर व बफर जोन रेंज में तैनात है। उनका पूरा परिवार यहां से 250 किमी.छिन्दवाड़ा में है। इसके बावजूद वो 9 वर्षो से सेवा कर रही है। उन्होंने जंगल सुरक्षा का किस्सा बताया कि कैसे मधुमक्खियों ने हामला किया और जान बची। वाक्या गढ़ी रेंज का है, यहां टाइगर ने बैल का शिकार कर जंगल मे छोड़ दिया था। किसान को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए प्रक्रिया पूरी करनी थी। जब वो अवलोकन कर रही थी, तभी मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। ऐसी स्थिति में पेड़ के समान खड़े रही। ताकि मधुमक्खियां और क्रोधित न हो, लेकिन एक साथ मधुमक्खियों के हमले से बुरी तरह शरीर पर ढंक मारे। ऐसी स्थिति में रेंजर को हेल्प के लिए बुलाया गया। इसके बाद 10 दिनों तक उपचार के बाद आराम हुआ। ऐसे कई किस्से है, जब उनका सामना बाघ व अन्य वन्य जीवों के साथ हुआ। फिर भी वो आज भी जंगल बचाने के लिए अपने बच्चें को साथ लेकर ड्यूटी पर तैनात रहती है। वास्तव में शिक्षा एक ग्रीन सोल्जर के रूप में बफर जोन में अपना दायित्व निभा रहीं है।

### कान्हा में खोया पति को अब उसी जंगल को बचाने में पुष्पलता आगे

ग्रीन सोल्जर पुष्पलता की अपनी एक अलग कहानी है। पुष्पलता के पति चुन्नीलाल की वर्ष 2023 कान्हा में ही मृत्यु हुई थी। यहां कोर इलाके में गश्त के दौरान अचानक तबियत खराब हुई, लेकिन वहां नेटवर्क नही होने से समय पर इलाज नही मिल पाया। पति की मृत्यु के बाद ही बड़ा बेटा भी चल बसा। परिवार में हर तरह से परेशानियों के बाद पुष्पलता ने पति की कर्मभूमि को ही अपना लिया। 2023 से पुष्पलता प्रतिदिन 12 से 15 किमी. उसी जंगल व वन्य जीवों की परवाह में लगी है। जैसे-उनके पति कोई अधूरा काम छोड़ गए। जिसे पुष्पलता ग्रीन सोल्जर के रूप में पूरा कर रही है।

## खबर संक्षेप

### प्राथमिकता वाली योजना में अधिकतम ऋण स्वीकृत करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज सिवनी। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में जिलास्तरीय बैंकर्स बैठक का आयोजन मंगलवार 27 मई को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने बैंकवार सेक्टरवार लोन वितरण की स्थिति का अवलोकन कर शासन के कृषि, महिला स्व-सहायता समूह सहित सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्र में अधिकतम ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने केसीसी, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन सहित शासन की प्राथमिकता वाली योजना में अधिकतम ऋण स्वीकृत करने के निर्देश दिये।कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी बैंकर्स को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना से अधिकतम हितग्राहियों को लाभांवित करने के निर्देश दिये।

# नगर पालिका का विशेष सम्मेलन में प्रधानमंत्री आवास योजना संबंधी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष शज्ञानचंद सनोडिया की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद सिवनी में विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें प्रमुख विषय प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के बीएलसी घटक अंतर्गत सर्वेक्षण उपरांत 300 पात्र हितग्राहियों की डीपीआर का अनुमोदन हेतु विचार एवं निर्णय के लिये रखा गया जिसे चर्चा के उपरांत परिषद की बैठक में उपस्थित पार्षदों ने सर्वसम्मति से पारित किया। सम्मेलन प्रारंभ होने के पूर्व नगरपालिका के पार्षदों द्वारा नगर के विकास तथा वर्षा ऋतु आरंभ होने के पूर्व नालों की सफाई एवं कच्ची सड़को के मरम्मत कार्य, पेयजल आपूर्ति जैसे अन्य विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। जिस पर सीएमओ विशाल सिंह मर्सकोले ने अवगत कराते हुए कहा कि निकाय द्वारा नगर के नालों का सफाई अभियान जारी है एवं पार्षदों द्वारा की जा रही मांग पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। बैठक में पार्षदगण राजेश राजू यादव, संजय भलावी, रविशंकर गुड्डा भांगरे,विजय गोलू पंडित, श्रीमति मालती बाबा पांडे, श्रीमति अनुसुईया पटवा, श्रीमति रामकुमारी बरमैया, श्रीमति राजशसंदेश बास्सा, श्रीमति तू तरूण श्रीवास एवं श्रीमति गोविंदी रवि सैयाम सहित निकाय के समस्त अधिकारी

### नगर पालिका द्वारा किया गया कीटनाशक दवाओं का छिड़काव नाले एवं नालियों की सफाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया एवं सीएमओ विशाल सिंह मर्सकोले के निर्देश पर सिवनी नगर पालिका के सफाई विभाग अमले द्वारा वार्ड क्रमांक 03 अकबर वार्ड बड़े मिशन स्कूल के पीछे की नाली में सफाई कार्य किया गया। एवं टैगोर वार्ड में स्प्रे पंप के द्वारा दवा का छिड़काव करवाया गया। विदित होवे कि आगामी दिनों में वर्षा ऋतु आरंभ होने वाली है जिसे ध्यान में रखते हुए नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन नालों की साफ सफाई की जा रही है। न.पा. द्वारा एंटी.लार्वा स्प्रे, छिड़काव का कार्य प्रतिदिन किया जा रहा है मुख्य नगरपालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में आगामी वर्षा ऋतु में मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से नगरपालिका स्वच्छता निरीक्षक राज पवमे, स्वच्छता पर्यवेक्षक सुशांत पांडेय अभय बघेल की निगरानी में प्रतिदिन वार्डों में उक्त कार्य किया जा रहा है एवं यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## राज्य स्तरीय एलेन थिलक कराते प्रतियोगिता में जिले के खिलोडियों ने 5 स्वर्ण पदक 1 रजत व 2 कांस्य पदक जीते



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एलेन थिलक कराते स्कूल इंटरनेशनल राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता दिनांक 24 से 26 मई 2025 को छिंदवाड़ा जिले के पी.. कॉलेज मैं आयोजित की गई जिसमें सिवनी जिले के एक खिलाड़ी ने एलेन थिलक कराटे स्कूल सिवनी व द फ्यूचर केयर सोसाइटी के तत्वाधान में कोच एवं सचिव फिरोज खान के कुशल नेतृत्व में बालक बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए 8 पदक प्राप्त किए जिसमें तान्या बघेल, नाकिया शिकारी, वैष्णवी चौरसिया ने स्वर्ण पदक तन्वी अग्रवाल स्वर्ण पदक व रजत पदक, मोह.अलमीर हमजा ने स्वर्ण पदक व कांस्य पदक एवं लावन्या धुर्वे ने कांस्य पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया ।

# नर्मदापथ सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा दिनांक 26 से 29 में तक घंसौर विकासखंड के नर्मदा तट के ग्रामों का सर्वेक्षण को 25 मई को मंडला लोकसभा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते , सिवनी जिले के प्रभारी मंतएवं राजस्व मंत कारण वर्मा एवं श्रीमती कृष्णा गौर (राज्य मंत्री) के द्वारा हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया गया। दिनांक 26 मई को झुरकी में मां नर्मदा में चुनरी अर्पित कर पूजन करके यात्रा का आरंभ एवं नर्मदा पद सर्वेक्षण प्रारंभ किया गया यात्रा का उद्देश्य परिक्रमा पथ पर कराए जाने वाले विकास कार्यों को स्थल बार चिन्हित करना, नर्मदा के किनारे स्थित परंपरागत मार्ग की स्थिति, आने वाले गांव व उनकी नर्मदा तट से दूरी, जंगल की स्थिति, मुख्य नदी से मिलने वाले नालों बात नदियों के नाम, लंबाई, चौड़ाई रात्रि आवास हेतु आश्रम, धर्मशाला,मंदिरों की स्थिति व नाम, नदी के किनारे कटाव की स्थिति आदि की जानकारी शासन को उपलब्ध कराना । नर्मदा नदी के तट के ग्राम झुरकी, पिपरिया, टिकरिया शराम जानकी आश्रम पिपरिया में गुरु दयाल महाराज फलाहारी बाबा एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में चौपाल लगाया गया इसके पश्चात सिद्ध सियाराम अयोध्या पुरी आश्रम में लालहास महाराज की उपस्थिति एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में चौपाल लगाकर सर्वेक्षण कार्य किया गया नवघाट , मेढ़ा घाट ,पदमी घाट आदि घाटों का भी अवलोकन किया गया।व्यौहारी, बुधेरा में चौपाल लगाया गया तथा छिंदवाहा में चौपाल लगाया गया जिसमें ग्राम के नागरिक, नर्मदा सेवा समिति के सदस्य की उपस्थिति रही तथा यात्रा दल का सहयोग किया गया। यात्रा दल प्रभारी शसौरभ शुक्ला जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ,विकासखंड समन्वयक शश्याम उईके नवांकुर संस्था से शहरि शरण चौधरी ,शपंकज सेन ,शतुलाराम गोल्हानी परामर्शदाता शरामलला गोल्हानी ,शचंद्रेश सोनी शगायतश्याम उसराठे इस दल का हिस्सा रहे।

# सट्टा पट्टी लिखने वाले चढ़े कोतवाली पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले में चल रहे जुआ, सटटा, शराब के खिलाफ कार्यवाही हेतु व पुलिस अधीक्षक महोदय सुनील कुमार मेहता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूप्रसाद शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमति पूजा पांडे के द्वारा कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुए । दिनांक 26/05/25 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि शहर के विभिन्न स्थानो पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अंको पर लोगो के रूपयों का दाव पेंच लगाकर सट्टा पट्टी लिख रहे है टीम गठित कर अलग अलग स्थानो पर घेराबंदी कर दबिश देकर रेड कार्यवाही की गई। जिसमें 07 आरोपियो को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई। आठो व्यक्तियो पर अलग अलग अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही की गई।

पकड़े गये सटोरियो मे 01 संजय पिता रूपचंद नामदेव उम्र 51 साल निवासी टिग्गा मोहल्ला 02 छोटेलाल पिता लेखराम रजक उम्र 45 साल निवासी जोरावारी थाना कान्हीवाड़ा 03 शैलेन्द्र पिता मूलचंद नामदेव उम्र 56 साल निवासी संजय वार्ड सिवनी 04 बालचंद पिता उमलू बरमैया उम्र 63 साल निवासी जाम थाना लखनवाडा 05 राधेश्याम पिता रामलाल यादव उम्र 40 साल निवासी ग्राम ढेकी थाना लखनवाडा 06 मुकेश पिता बाबूलाल गोखे उम्र 50 साल निवासी आजाद वार्ड सिवनी 07 भारत इनवाती पिता भूरेसिंह



### इधर पुलिस ने तेज सायलेंसर एवं मॉडीफाई मोटर साइकिल का काटा गया चालान

पुलिस अधीक्षक द्वारा तेज व मॉडीवाई सायलेंसर वाहनो पर आपत्ति जाहिर की जा रही है जो थाना कोतवाली द्वारा पूर्व में कई बुलट एवं मोटर साइकिल जिनमें तेज आवाज एवं मॉडीफाईड सायलेंसर के विरूद्ध अभियान छेडा गया था जो इसी क्रम में पूर्व के मुताबिक लगातार कार्यवाही करते हुए मोटर साइकिल बुलेट वाहन क्रमांक MP22ZA1334 को गांधी भवन क्षेत्र में तेज आवाज मे सायलेंसर का उपयोग करते वाहन चलाते पाया गया जो वाहन पर धारा 120/190 (2) मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 1000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई एवं मोटर साइकिल का सायलेंसर निकलवाया गया एवं चालक को आवश्यक हिदायत दी गई।

## केवलारी विधायक ओर गुरदेवो की उपस्तिथि मे अनुशासित गोंडी संस्कृति के अनुरूप गोंड समाज का वार्षिक महोत्सव का सफल आयोजन

केवलारी- गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति के तत्वाधान में दिनांक 27 मई दिन मंगलवार को ग्राम बंदेली टोला में ठाकुर रजनीश सिंह विधायक, गोंडी धर्म के पथ प्रदर्शक गुरुदेव दुर्गे भगत जी एवं छोटे गुरुदेव दिलीप सिंह सैयाम, छोटी गुरु माई ममता सैयाम छत्तीसगढ़ के मुख्य आतिथ्य ,मुबारक खान जिला अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल, मुकेश सिंह राजपूत जनपद सदस्य छींदा, प्रकाश नेताम प्रदेश संयोजक, मनोज मड़ावी प्रदेश युवा प्रभाग, निर्मल पुसाम पंडा पुजारी कबीरधाम, प्रदीप मड़ावी छत्तीसगढ़, मेहरु सिंह धुर्वे बैहर, भगवत सिंह बीजाडांडी, धीरामरावी मंडला के विशिष्ट आतिथी एवं प्रकाश नेताम प्रदेश संयोजक छत्तीसगढ़ की अध्यक्षता में गोडी धर्म संस्कृति एवं बडा देव महापूजन का भव्य आयोजन हुआ । गोंडी धर्म के पथ प्रदर्शक गुरुदेवो की क्षेत्रीय भाषा मे बड़ा देव की महापूजन हजारों सजातीय महिला पुरुषो व बच्चों की उपास्तिथ मे संपन्न हुआ ।अतिथियों का स्वागत उपरांत बड़े गुरु देव ओर छोटे गुरुदेव ने गोंडी धर्म संस्कृति, जल जंगल जमीन, प्राकृतिक प्रेम पर अनेक दृष्टांत दिये।दुर्गे भगत एवं विधायक ठाकुर रजनीश सिंह ने कहा कि आदि व अनंतकाल से इस धरा पर निवास करने वालों को आदिवासी कहा जाता है ।आदिवासी वह है जो अपने जीवन की अटूट आस्था को प्रकृति



के कण-कण में स्थापित किये हुए है, इसलिए जीवनदायिनी प्रकृति को आदिवासियों द्वारा सर्वोच्चशक्ति के रूप में पूजा जाता है ।प्रकृति पर अटूट आस्था एवं विश्वास की सर्वोच्चशक्ति सबसे बड़ा ₹बड़ादेव₹ है तथा बड़ादेव के आध्यात्म को मानने वाला गोंड आदिवासी है ।आज समाज की अपार भीड जो रात भर जागरण कर धर्म संस्कृति के ये महाधिवेशन मे शामिल होकर अनुशासित संयम से सांस्कृतिक कार्यक्रमो कि रंगा रंग प्रस्तुति देकर शानदार एकजुटता का परिचय दिया ये समाज को नयी गति ओर दिशा देगा ।

# जबलपुर के चोर जियो टाँवर की ओ.डी.सी. का लॉक तोड़ रहे थे,पुलिस ने द बिश देकर चोर को पकड़ा

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता द्वारा जिले मे हो रही चौरी / नकबजनी को रोकने के लिये जिले के सभी थाना प्रभारीयो को आदेशित किया गया था। आदेश के पालन में थाना स्तर पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। इसी दौरान अज्ञात लोगो के द्वारा चोरी करने के उद्देश्य से ग्राम बंजारी स्थित जियो टाँवर में दो व्यक्ति टाँवर की ओडीसी का लॉक तोड़ रहे की सूचना प्राप्त हुई जो तत्काल मे पुलिस अधीक्षक ी सुनील मेहता के आदेशानुसार अति पुलिस अधीक्षक जी डी शर्मा एवं एस.डी.ओ.पी लखनादौन अपूर्व भलावी के निर्देशन में पुलिस टीम रवाना हो कर घटना स्थल पहुँच चोरो को गिरफ्तार किया गया।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

घटना के सबंध मे सूचनाकर्ता/ प्रार्थी लक्ष्मीकांत रजक पिता रविशंकर रजक उम्र 31 साल निवासी गाडरवाडा जिला नरसिहपुर जियो टाँवर कम्पनी में टेक्निशियन ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि दिनाँक 27/05/25 को ग्राम बंजारी स्थित जियो टाँवर में दो व्यक्ति टाँवर की ओडीसी का लॉक तोड रहे थे जो सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे थे तो पुलिस की मदद से ग्राम बंजारी हनुमान मंदिर के पीछे स्थित टाँवर पहुँचकर जो दो व्यक्ति



टाँवर लॉक तोड़कर चोरी करने का प्रयास कर रहे थे को पकडने का प्रयास किया जो भागने लगे जिन्हे दौड़कर पकड़ा, दोनो व्यक्तियो को पकडकर उनका नाम पता पुछा जिन्होने अपना नाम कार्तिक उर्फ बबलु कौल पिता मुकेश कौल उम्र 29 साल एवं पवन सेन पिता रामावतार सेन उम्र 32 साल दोनो निवासी कांचघर चुंगी चौकी के पास जबलपुर का होना बताये जिनके पास से एक धारदार हथियार और औजार मिले।

उक्त दोनो व्यक्तियो के द्वारा जियो टॉवर में बैटरी एवं डीजल चोरी करने का प्रयास कर रहे थे जो पकडे गये मौके पर उनके पास से औजार मिले है। कि रिपोर्ट पर थाना धूमा मे अपराध धारा का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया है। मामले मे आरोपीगणो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। मामले मे कार्यवाही जारी है।

## सिवनी विधायक राय ने शनिधाम मे किया सामुदायिक भवन एवं रैनबसेरा का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राय के करकमलों से शनिधाम टेकरी मे नवनिर्मित सामुदायिक भवन एवं रैनबसेरा का लोकार्पण किया गया।श्री सिद्ध शनि धाम ट्रस्ट द्वारा भगवान श्री शनिदेव जयंती के पावन अवसर पर पलारी टेकरी (सीलादेही) मे आयोजित भगवान शनिदेव जयंती महोत्सव कार्यक्रम मे विधायक राय मुनमुन ने सहभागिता कर भगवान शनिदेव जी का विधि-विधान से पूजन किया। तथा सभी के लिए मंगल कामनाएं किया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय के करकमलों से टेकरी मे नवनिर्मित सामुदायिक भवन एवं रैनबसेरा का फीता काट कर लोकार्पण किया। तथा अपनी ओर से 501 थालियां एवं 501 ग्लास भेंट किया। इस दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा आपका शाल श्रीफल से सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय ने उपस्थित भक्तजनों के साथ भोजन प्रसाद गृहण किया। इस अवसर श्री सिद्ध शनि धाम ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या मे भक्तजनों की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके अलावा विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी भारतीय जानता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता श्री वेदसिंह ठाकुर जी के निज निवास पहुँचे तथा उनके स्वास्थ संबंधी जानकारी लिया।



### तंबाकू निषेध दिवस पर नशामुक्ति की सामूहिक शपथ ली गई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मंगलवार 23 मई को तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सामूहिक शपथ का आयोजन जिला चिकित्सालय में किया गया। शपथ ग्रहण के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर ठाकुर द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उद्देश्य के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि तंबाकू सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की ओर ध्यान आकर्षित करना है,क्योंकि तंबाकू के सेवन से प्रतिवर्ष 13 से 14 लाख से मौतें होती हैं। इसलिए तम्बाकू सेवन पर रोक लगाएं जिससे तंबाकू सेवन से होने वाली कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों को रोक जा सकता है।जैसे फेफड़ों का कैंसर,मुंह का कैंसर,प्रोस्टेट कैंसर,हृदय रोग आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि स्वस्थ वन शैली अपनाएं ,तंबाकू न केवल शारीरिक व मानसिक रूप से मनुष्य को अस्वस्थ करता है बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी एक महारूप को आमंत्रित करता है।ये हमारा दृढ़ संकल्प है इसे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

# एनसीसी कैडेट्स ने किया शहर में स्वछता कार्य

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्वछता अभियान जागरूकता के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय पीजी कॉलेज सिवनी सीनियर डिवीजन के एनसीसी कैडेट्स ने आज जिला मुख्यालय पर स्थित प्रमुख चौराहे डॉक्टर अंबेडकर चौक पर स्वच्छता अभियान चलाय। पीजी कॉलेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स ने डॉ आंबेडकर चौक के परिसर के चारों तरफ एवं परिसर में साफ सफाई की। बताया कि 24 मप्र बटालियन एनसीसी छिंदवाड़ा के कमान अधिकारी के आदेशानुसार एनसीसी गतिविधि के अंतर्गत शहर के एक चौराहे पर स्वच्छता अभियान की कार्यवाही की जानी थी जिसके अंतर्गत सीनियर डिवीजन एनसीसी के कैडेट ने डॉक्टर अंबेडकर स्मारक का चयन किया एवं इसके आसपास बिखरे हुए पॉलिथीन व अन्य कचरे को हटाया। बताया कि डॉ अम्बेडकर स्मारक समिति के प्रमुख एडवोकेट सुरेंद्र बरमाटे ने कैडेट्स के लिए डॉक्टर अंबेडकर स्मारक परिसर पर स्वच्छता अभियान की स्वीकृति प्रदान की एवं उपस्थित होकर कैडेट का मार्गदर्शन भी किया। स्वच्छता अभियान के पश्चात एडवोकेट सुरेंद्र बरमाटे एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक ने डॉक्टर अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं कैडेट्स को डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर के योगदान के बारे में बताया। एडवोकेट बरमाटे ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर जी का जीवन संघर्षों से भरा था उन्होंने समाज में समता, स्वतंत्रता, बंधुता स्थापित करने के लिए शिक्षा का सहारा लिया और 22 डिग्रियां प्राप्त की। संविधान सभा ने भारतीय संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के लिए डॉ बाबासाहेब अंबेडकर का चयन किया था। उन्होंने कहा कि युवाओं को बाबा साहब के संघर्ष से सीखने की आवश्यकता है और समाज में होने वाले किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की आवश्यकता है।

# स्थानीय निर्वाचन प्रक्रिया को पेपर लेस रूप से सम्पन्न कराने को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनांक 27.05.2025 को कलेक्टर सभाकक्ष में स्थानीय निर्वाचन में पेपरलेस निर्वाचन की प्रक्रिया के लिए मॉक पोल के बारे में अवगत कराया गया। जिसमें बहुत ही रोचक ढंग से पूरी प्रक्रिया के सरलीकरण को बताया गया। जिसमें पूर्व की तुलना में बहुत अधिक सुधार किये गये हैं एवं कम से कम मतदान कर्मियों के साथ संपूर्ण



प्रक्रिया को पेपर में न्युनतम किया गया है। सभी प्रक्रिया पूर्णतः साफ्टवेयर आधारित बनाई गई हैं। हस्ताक्षर भी डिजिटल मोड में करने का आप्शन है, आवश्यक उपकरण जो कि आयोग के द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे जिसमें अंगूठे हेतु क स्कैनर, राईटिंग पैड के माध्यम से मतदाता एवं अभिकर्ता के हस्ताक्षर होंगे। साफ्टवेयर लैपटाप के माध्यम से चलेगा जिससे सभी प्रकार के प्रपत्र पीडीएफ फाइल में हस्ताक्षरयुक्त प्राप्त होंगे। सामगसेक्टर अधिकारी स्तर का दल मतदान स्थल पर उपलब्ध करायेंगे, मतदान दल सीधे घर से मतदान केन्द्र में उपस्थित होकर वहीं से कार्यमुक्त भी होगा। सभी आवश्यक अभिलेख में मतदान केन्द्र पर हस्ताक्षर होकर सेक्टर अधिकारी को सौंपे जायेंगे एवं सेक्टर अधिकारी सामगजमा करेंगे। केवल साफ्टवेयर संचालन की निपुणता ही सफलता का आधार होगा।

### नान-अल्कोहलिक फैटी लीवर के मरीज ढूंढने चलेगा अभियान

# 1 जून से होगी स्वस्थ यकृत मिशन की शुरुआत ,तीन मापदंडों पर होगी स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जयपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि मोटापा, मधुमेह, बैठे रहने की वन शैली और मेटाबॉलिक सिंड्रोम जैसे कारकों के कारण आज भारत में प्रत्येक तीन में से एक वयस्क नान अल्कोहलिक फैटी लीवर डिसीज (एन ए एफ एल डी) से पीड़ित है शराब के सेवन के बिना भी जो लोग फैटी लीवर की समस्या से जूझ रहे हैं ऐसे में उनकी पहचान और समुचित उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग अभियान शुरू करने जा रहा है ।

सिवनी जिला सहित पूरे प्रदेश में 1 जून से इसकी शुरुआत होगी एन ए एफ एल डी के लिए अभियान शुरू करने वाला मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य होगा। जिसे स्वस्थ्य यकृत मिशन नाम दिया गया है। अभियान के दौरान तीन मापदंडों पर मरीजों की स्क्रीनिंग की जावेगी। इससे पीड़ित व्यक्ति मिलने पर पंयन कर जरूरी उपचार के लिए जागरूक भी किया जाएगा। अभियान के लिए चिकित्सकों सहित आशा कार्यकर्ता एएनएम को ट्रेनिंग भी दी जाएगी। अभियान को लेकर नोडल अधिकारियों की ट्रेनिंग भोपाल में हो चुकी है।

**इन तथ्यों को नजरअंदाज नहीं करना है -** लिवर में 10% से अधिक फैट होना हानिकारक है यह तथ्य फाइब्रोस्कैन से ही सामने आता है, सोनोग्राफी में पता नहीं चल पाता। अगर फैट 30% से अधिक है तो सोनोग्राफी से पता किया जा सकता है । इसके अतिरिक्त लिवर फंक्शन टेस्ट भी महत्वपूर्ण है महिलाओं में 19 से ज्यादा एसपीटी और पुरुषों में 30 से ज्यादा एसपीटी फैटी लीवर का लक्षण हो सकता है।वहीं मधुमेह से पीड़ित 30 से 50 फ़ीसदी मरीज में फैटी लीवर की समस्या हो सकती है।

### चिकित्सकों और मैदानी अमले को दी जाएगी ट्रेनिंग-

नोडल अधिकारी डॉक्टर वंदना कमलेश ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार ने स्वस्थ्य यकृत मिशन के लिए इंस्टीट्यूट आफ लिवर एंड बिलियरी साइंस दिल्ली के साथ एम ओ यू किया है। इस संबंध में संचालक डॉक्टर शिवकुमार सरीन द्वारा सभी जिले के नोडल अधिकारियों को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है । स्क्रीनिंग के लिए जिले में चिकित्सकों और मैदानी अमले को ट्रेनिंग भी दी जाएगी ।आशा कार्यकर्ता मधुमेह और कमर के माप के आधार पर स्क्रीनिंग कर लोगों को स्वास्थ्य केंद्र लाएंगी, जहां बीएमआई भी चेक होगा,इसके पश्चात फाइब्रोस्कैन टेस्ट कराया जावेगा।

**न्यायालय नजूल अधिकारी सिवनी**
**जिला सिवनी (म.प्र.)**
रा.प्र.क./0059/अ-6/2025-26
**ईश्तहार**

परिशिष्ट में दी गयी नजूल भूमि पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदक / आवेदिका रामकुमार चौरसिया पिता स्व. श्री प्रेमचंद चौरसिया नि. सुभाष वार्ड सिवनी हसील व जिला सिवनी तहसील व जिला सिवनी ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। यह भूमि नजूल रिकार्ड में खातेदार मुस. गनपतिबाई जौजे प्रेमचंद चौरसिया नि. सिवनी के नाम दर्ज है। इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 06/06/2025 को नजूल अधिकारी सिवनी के न्यायालय में न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जायेगी। यदि किसी कारणवंश उक्त दिनांक को शासकीय अवकाश घोषित होता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में होगी ।

**परिशिष्ट ()- वार्ड का नाम-गढी वार्ड सिवनी, ब्लाक नम्बर-33, प्लाट नम्बर-59/1, रकबा-2775 वर्गफिट, कैफियत।**

जारी दिनांक :- 15.05.2025
पेशी दिनांक : 06.06.2025

सील

नजूल अधिकारी
सिवनी (म.प्र.)

### कोसमी-बगदर्रा मार्ग पर ट्रक हार्वेस्टर से टकरा गया

## तस्करी : हादसाग्रस्त ट्रक से मिला 153 क्विंटल फोर्टिफाइड चावल





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में राशन के चावल की तस्करी का मामला सामने आया है। कोसमी-बगदर्रा मार्ग पर एक ट्रक हार्वेस्टर से टकरा गया। हादसे में किसी को चोट नहीं आई। जांच में पता चला कि ट्रक में राशन का चावल भरा था।

खाद्य विभाग और पुलिस की जांच में ट्रक से 153 क्विंटल 10 किलो फोर्टिफाइड चावल बरामद हुआ। यह चावल सिवनी के धनोरा स्थित पारस ट्रेडर्स से गोंदिया के श्री हरि एग्रो को भेजा जा रहा था। ट्रक में 260 बोरी चावल थी। माल की कीमत करीब 4 लाख 14 हजार रुपए है।

रजेगांव का ट्रक चालक मिथिलेश सुलखे चावल को गोंदिया ले जा रहा था। जांच में खाद्य निरीक्षक पी.एस. वल्लाडी, नॉन गुणवत्ता निरीक्षक देवेंद्र साहू और नवेगांव पुलिस मौजूद थी।

खाद्य निरीक्षक वल्लाडी ने बताया कि मामले की रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी जाएगी। ट्रक को जब्त कर वेयर हाउस में रखा गया है। मामले की जांच जारी है।

### धारा 211, 3, 7 के प्रकरण में कार्यवाही हुई प्रारम्भ

## अवैध बीज के विक्रय पर कृषि विभाग ने की एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन तथा उप संचालक कृषि श्री राजेश कुमार खोबरागड़े के मार्गदर्शन में 23 मई को कृषि आदान गुण नियंत्रण जिला स्तरीय दल द्वारा तिरोड़ी तहसील के ग्राम बोथवा का निरीक्षण किया गया। जहाँ हरित हाईब्रिड सीडस कंपनी हैदराबाद का धान बीज एमटीयू-1010, आईआर-64 की ग्रेडिंग कर पैंकिग की जा रही थी। धान बीज की पैंकिग के संबंध में सांई राईस मिल के मालिक श्री कामनसिंह ठाकुर से पुछताछ करने पर बताया गया कि हरित हाईब्रिड सीड्स कंपनी हैदराबाद को मिल किराये से दिया है। मौका स्थल पर उपस्थित हाईब्रिड सीड्स कंपनी हैदराबाद के प्रतिनिधि श्री प्रीतम बोपचे निवासी बोलडोंगरी तह तिरोड़ी से बीज के उत्पादन एवं पैंकिग से संबंधित अभिलेख मांगे जाने पर श्री प्रीतम बोपचे द्वारा किसी भी प्रकार के अभिलेख उपस्थित नही किये गये। जिससे आवश्यक वस्तुं अधिनियम 1955 की धारा-3 एवं 7 तथा बीज अधिनियम 1966, बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 की धारा-3 का उल्लंघन होने से मौका स्थल पर जप्ती मय पंचनामा कार्यवाही की गई। तत्पश्चात थाना तिरोड़ी में श्री प्रीतम बोपचे के विरूध्द प्राथमिकीय दर्ज कराई गई है।इस दौरान जांच दल में श्री विनय धुर्वे सहायक संचालक कृषि, श्री सुनिल कुमार बागड़े कृषि विकास अधिकारी, वरिष्ठद कृषि विकास अधिकारी सह बीज निरीक्षक विकासखंड कंटगी श्री एचसी डेहरिया, कृषि विस्तार अधिकारी पीसी गजभिये एवं श्री महेन्द्र मर्सकोले कृषि विस्तार अधिकारी मौजूद रहें।



## लालबर्रा से कंजई तक मार्ग की मरम्मत कार्य शुरू, खबर प्रकाशन के बाद जागा संबंधित विभाग

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

बीते दिनों लालबर्रा क्षेत्र में हुई बारिश से बालाघाट सिवनी मार्ग की पोल खोल के रख दी थी कंजई से लेकर लालबर्रा तक मार्ग पर जगह-जगह छोटे बड़े गड्ढे उभरने लगे थे जिससे आवागमन में आम राहगीरों को छोटे वाहन बड़े वाहनों को भारी परेशानी हो रही थी,जिससे मार्ग से गुजरने वाले आम राहगीरों को हो रही समस्या को हरिभूमि समाचार पत्र जबलपुर द्वारा प्रमुखता देते हुए खबर का प्रकाशन किया गया नतीजा यह रहा की बालाघाट सिवनी मार्ग पर कंजई से लालबर्रा मार्ग पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है बताया जा रहा है कि छोटे बड़े गड्डे तो भरे जा रहे हैं लेकिन गुणवत्ता पर सवाल है जागरूक जनों द्वारा अंदेशा जताया जा रहा है कि बारिश शुरू होते ही में पूरे गड्ढे जस के तस दिखाई देंगे प्रबुद्ध जनों का कहना है कि मार्ग की मरम्मत गुणवत्ता से हो क्वालिटी युक्त डामर का उप योग होना चाहिए।


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Satpura Bhoomi.pdf - 27 May 2025 - Page 4
एक ही बरसात में दम तोड़ती बालाघाट-सिवनी सड़क
लालबर्रा से कंजई तक फिर दिखने लगे गड्ढे, जल्द हो मार्ग की मरम्मत
हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

### एसडीएम ने आपदा प्रबंधन को लेकर की बैठक

## बाढ़ से बचाव की पूर्व तैयारी को लेकर की चर्चा, पौधारोपण करने पर भी दिया जोर

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

बारिश के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल की अध्यक्षता में यहां एसडीएम कार्यालय में आपदा प्रबंधन की बैठक हुई। जिसमें तैयारी की समीक्षा की गई। साथ ही पौधरोपण करने पर भी जोर दिया गया।

एसडीएम ने समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को बताया कि बाढ़ से बचाव के पूर्व तैयारी को लेकर सभी विभाग के जिम्मेदार आपसी समन्वय से कार्य करें। निचली बस्तियों में जल जमाव की संभावनाओं को देखते हुए उचित प्रबंध किया जाए। बिजली व्यवस्था को सुचारु रखने की तैयारी की जाए तथा नदियों के किनारे के गांव को चिह्नित कर जन धन की हानि होने पर तत्काल राहत दी जाए।

आरईएस व डब्ल्यूडीआर विभाग तालाबों का निरीक्षण कर जरूरी कार्रवाई करें। ग्राम पंचायत व जनपद पंचायत को भी इस बारे में निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग को सड़कों की स्थिति का ध्यान रखने को कहा गया। बैठक में तहसीलदार श्री मती पूर्णिमा भगत जनपद के सीईओ मनीष शेण्डे , प्रभारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गणेश सोनी, कृषि विकास विभाग,विजली विभाग के साथ ही विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## पीएम आवास कॉलोनी में मकान मिला तो जीवन हुआ आसान

### एएचपी स्कीम को जल्द पूर्ण करने नगरपालिका बालाघाट प्रगतिरत, लाभार्थियों में खुशी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत सरकार द्वारा देश वासियों को लाभान्वित करने के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इसी तरह एक योजना प्रधानमंत्री आवास योजना भी संचालित है। जिसमें पात्र लाभार्थियों को किफायती दर पर आवास उपलब्ध कराने के लिये नगरपालिका परिषद बालाघाट के माध्यम से एएचपी आवास स्कीम के तहत पक्के मकान उपलब्ध कराये गये है। हितग्राहियों का अनुभव है कि कल तक किराये के मकान में जिन्दगी बीत रही थी लेकिन सरकार ने सिर पर छत दी है और खुद के आशियाने का सपना साकार हुआ है जो जीवन जीने का बड़ा सहारा है। इसी वर्ष जनवरी माह में जब लाभार्थियों को आवास की चाबी सौंपी गई तो इनमें से कई लोग यहां रहने पहुंचे है शासकीय योजना से किफायती मकान मिलने की खुशी हितग्राहियों में है।



शहर के वार्ड क्रं.1 बुढ़ी शासकीय आईटीआई के पीछे प्रधानमंत्री आवास कालोनी में नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत सुविधायुक्त एएचपी श्रेणी के आवास का निर्माण कराया गया है। इसी वर्ष 2025 के जनवरी माह में 72 लाभार्थियों को मकान की चाबी सौंपी गई थी। इनमें से लगभग 20 परिवार निवास कर रहे है। जबकी एलआईजी और एमआईजी श्रेणी के आवास भी निर्माणाधीन है जिनकी बुकिंग चालू है।

### करंट से गाय को बचाने गए युवक की मौत

**बालाघाट**। बालाघाट के भालेवाड़ा गांव में मंगलवार शाम बिजली के तार में फंसे गोवंश को बचाने गए 35 वर्षीय गोलू कारसर्पे की करंट लगने से मौत हो गई। लामता थाना पुलिस के मुताबिक, घटना शाम 5 से 6 बजे के बीच की है। बिजली ठेकेदार के बिछाए गए तार अभी तक जमीन पर ही पड़े हुए थे। इन तारों के ऊपर से 11 केवी की लाइन गुजरती है। तारों के संपर्क में आने से जमीन पर पड़े तार में करंट आ गया। इसी दौरान बछड़ा और उसे बचाने गया युवक करंट की चपेट में आ गए।घटना के बाद ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए शव को उठाने से मना कर दिया। उनका आरोप है कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार को मौके पर बुलाने की मांग की है।

## पुलिस ने CEIR पोर्टल की मदद से ढूंढ निकाले 155 गुमशुदा मोबाइल फोन



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट साइबर पुलिस ने सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल की मदद से 155 गुम मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बालाघाट से गुम हुए ये मोबाइल भोपाल, जबलपुर, सिवनी, रायपुर, दिल्ली, हैदराबाद, नागपुर, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर समेत कई शहरों में मिले। पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह ने बुधवार शाम 5 बजे मोबाइल धारकों को उनके फोन वापस लौटाए।

एसपी ने बताया कि सीईआईआर पोर्टल आधुनिक तकनीक का उपयोग कर गुम मोबाइल खोजने का प्रभावी माध्यम है। नागरिक ceir.gov.in पर या मोबाइल के ट्रैकर सिस्टम और साइबर पुलिस की हेल्पलाइन नंबर 1930 के माध्यम से गुम मोबाइल की सूचना दे सकते हैं।

उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर घबराएं नहीं। थाना जाकर रिपोर्ट दर्ज कराएं और सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत करें। यह प्रक्रिया सरल, सुरक्षित और पूरी तरह निःशुल्क है।

### आगरवाड़ा के शादी समारोह की हो रही खूब चर्चा

## सांस्कृतिक विरासत को संजोने निकाली अनोखी बारात

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले की कटंगी तहसील के ग्राम आगरवाड़ा में एक शादी समारोह के लिए निकली बारात बुधवार को पूरा दिन खूब चर्चाओं में रही. अलग-अलग सोशल मीडिया साइट पर इस बारात के वीडियो जमकर शेयर किए गए. दरअसल, यह अनोखी बारात ग्राम आगरवाड़ा से खड़गपुर जाने के लिए निकली थी. वर पक्ष ने विवाह समारोह में बारातियों से लेकर दुल्हे के लिए बैलगाड़ी का प्रबंध किया था. ऐसे में जिस गांव से होकर यह बारात गुजर रही थी तभी अपने मोबाइल फोन के कैमरों में इसे कैद कर रहे थे. परिवहन के आधुनिक संसाधनों का उपयोग करने की बजाए सांस्कृतिक विरासत को संजोने और पुरानी परंपराओं को जीवित रखने का संदेश देने के लिए ठाकरे परिवार ने बैलगाड़ी से बारात निकाली. बैलगाड़ी में ना सिर्फ बाराती बल्कि दुल्हा मिनेश ठाकरे भी बैठे नजर आए. बारात में पुराने वाद्य यंत्रों का उपयोग किया गया और इस वाद्य यंत्रों में भी बाराती जमकर थिरकते हुए नजर आए. दुल्हा बने मिनेश ठाकरे बताते है कि उनके पास परिवहन के आधुनिक संसाधन और ध्वनि विस्तारक यंत्र यानी घर पर ही डीजे है लेकिन उन्होंने बचपन में जिस तरह लोगों की शादियां होते देखी थी वह उसी तरह अपनी शादी करना चाहते थे इसलिए अपनी बारात को ले जाने के लिए उन्होंने आधुनिक साधनों की बजाए पुरानी परंपरा को अपनाते हुए बैलगाड़ी चुनी और बारातियों के नाचते के लिए ढपली. उनका ऐसा मानना है कि ऐसा करने से हमारी पुरानी संस्कृति बची रहेगी. वह बताते है कि उनका विवाह खडगपुर निवासी इमरत पारधी की पुत्री योगिता से तय हुआ. विवाह तय होने के बाद उन्होंने अपने ससुराल पक्ष को बैलगाड़ी से बारात लाने की बात कहीं तो ससुराल पक्ष के लोग भी सहमत भी हो गए. मिनेश ठाकरे की बारात में एक व्यक्ति घोड़ानुमा आकृति लेकर नाचते हुए दिखाई दिया जो खास जन आकर्षण का केंद्र रहा।



## सांदीपनि विद्यालयों के निर्माण में हुई लेट लफीति,7.50 प्रतिशत तक लगाई जाएगी पेनाल्टी

**बालाघाट**। सांदीपनि विद्यालय निर्माण में जिन ठेकेदारों द्वारा लेट लतीफी की गई है, उन पर पेनल्टी लगाने के निर्देश जारी किए गए है। इसके अलावा अब तक उन सभी ठेकेदारों पर लगाई गई पेनल्टी की जानकारी भी कलेक्टर श्री मृणाल मीना के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। बुधवार को कलेक्टर मीना ने शिक्षा और जनजाति कार्य विभाग अंतर्गत निर्माणाधीन सभी सांदीपनि विद्यालयों की प्रगति के सम्बंध में समीक्षा करते हुए कठोर निर्देश दिए है। उन्होंने निर्माण विभाग पीआईयू को यह भी हिदायत दी है कि अब बीजी रिन्युअल का समय पूरा होने पर बिना उनके संज्ञान में लाये किसी भी ठेकेदार की बीजी रिन्युअल नही किया जाये। ज्ञात हो कि कलेक्टर मीना सांदीपनि विद्यालयों के निर्माण और यहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा परीक्षा परिणामों की तुलनात्मक समीक्षा की। ज्ञात हो कि जिले में शिक्षा विभाग के 7 और जनजाति कार्य विभाग के 3 सांदीपनि विद्यालय निर्माणाधीन है। ये विद्यालय कुल 82.62 एकड़ क्षेत्र में 340.35 करोड़ रुपये की लागत से बनाये जा रहें है। समीक्षा बैठक में जनजाति कार्य विभाग प्रभारी सहायक आयुक्त राहुल नायक,पीआईयू कार्यपालन यंत्री उइके,शिक्षा अधिकारी एके उपाध्याय, समस्त सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य व निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार उपस्थित रहे।कलेक्टर मीना ने सांदीपनि विद्यालयों के निर्माण में हो रही देरी पर सख्त रुख अपनाते हुए पेनल्टी लगाने के निर्देश दिये है। इसमें उन्होंने कहा कि हर स्तर पर हुई लेट लतीफी पर पेनल्टी लगाई जाए।

### नौतपा में गर्मी से राहत, उमस ने परेशान किया

## तेज बारिश : मौसम विभाग ने आंधी-तूफान की दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में नौतपा के दौरान मौसम में बदलाव से लोगों को मई की गर्मी से राहत मिली है। मंगलवार रात को करीब दो घंटे तक तेज बारिश हुई। इससे सड़कें पानी से भर गईं।

दिन में सूरज की तपिश के कारण सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम रही। हालांकि दोपहर बाद और रात में मौसम बदला। तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। बुधवार सुबह से मौसम साफ है। लोग उमस भरी गर्मी महसूस कर रहे हैं।

मौसम विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के वैज्ञानिक धर्मेंद्र अगासे ने बताया कि 28 मई तक आंधी-तूफान की संभावना है। बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने का अनुमान है। हल्की बारिश के साथ मध्यम बादल छाए रह सकते हैं।

अधिकतम तापमान 39 से 39.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.2 से 26.4 डिग्री सेल्सियस रहेगा। सुबह हवा में 52 से 58 प्रतिशत और दोपहर में 29 से 32 प्रतिशत नमी रहेगी। हवा दक्षिण-पश्चिम दिशा से 3 से 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी।

### आईटीआई में व्यवसाय वेल्डर में प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता कक्षा-आठवीं पास

**लाँजी**। आईटीआई में समस्त व्यवसाय में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि दिनांक 31मई 2025 निर्धारित की गई है।इसी तारतम्य में शास.आईटीआई पालडोंगरी के प्राचार्य श्री एस.आर. कुसराम ने बताया कि वे छात्र-छात्राएं जो कक्षा दसवीं फेल है एवं जो कक्षा आठवीं पास है वे भी आईटीआई में व्यवसाय वेल्डर में प्रवेश ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि शासकीय आईटीआई पालडोंगरी में कुल 6 व्यवसाय संचालित है।जिनमें 5 व्यवसाय- इलेक्ट्रीशियन, फिटर,मोटर मैकेनिक व्हीकल्स,हिंदी स्टेनो एवं कोपा (कंप्यूटर) में प्रवेश की न्यूनतम योग्यता कक्षा दसवीं है एवं 1 व्यवसाय वेल्डर में प्रवेश की न्यूनतम योग्यता कक्षा आठवीं इस सत्र में निर्धारित की गई है।आईटीआई पालडोंगरी में समस्त व्यवसाय एनसीवीटी से एफिलिएट है।

### पीड़िता ने सामने आकर साझा की शादी और प्रताड़ना की पूरी कहानी

## एनआरआई पति को न्यायालय ने भेजा जेल

**हरिभूमि न्यूज कटंगी**। सामाजिक रीति-रिवाज से विवाह संपन्न करने के बाद पत्नी को विदेश ले जाने के नाम पत्नी के परिजनों से 10 लाख रुपए की नगदी रकम और कार मांगने वाले एनआरआई लालची पति को व्यवहार न्यायालय कटंगी ने मंगलवार को जमानत देने से इंकार करते हुए जेल भेज दिया है. आरोपी के जेल भेजे जाने के बाद बुधवार को सामने आकर शादी, पति और उसके परिजनों की प्रताड़ना की पूरी कहानी साझा की है. मामला बालाघाट जिले के तिरोड़ी तहसील के ग्राम पौनियां का है. जहां की 22 वर्षीय युवती का विवाह एनआरआई कुणाल पिता अनिल बोरीकर उम्र 30 वर्ष स्थायी निवासी प्लाट नंबर 104 देवीनगर टेकानाका, कामठी रोड़ नागपुर के साथ 17 दिसबंर 2023 को धार्मिक रीति-रिवाज से हुआ था. पीड़ित ने बताया कि विवाह के वक्त आरोपी ने बताया था कि वह न्यूजीलैंड में नौकरी करता है. जिसकी 05 लाख रुपए सैलरी है. युवती के माता-पिता बताते है कि बेटी के लिए अच्छा रिश्ता समझ कर उन्होंने विवाह संपन्न करवाया और अपनी हैसियत के हिसाब से दहेज भी दिया लेकिन शादी के चंद माह बाद से ही वह बेटी को विदेश ले जाने के लिए पासपोर्ट और वीजा बनाने के नाम पर लगातार पैसों की मांग करने लगा. माता-पिता ने तब भी अपने दामाद को पैसे दिए लेकिन दामाद और उसके परिजनों की पैसों की भूख लगातार बढ़ने ही लगा. जब विवाहिता के माता-पिता ने और पैसा देने से इंकार कर दिया तो बेटी के पति कुणाल और उसके पिता अनिल बोरीकर, मां प्रमिला बाई बोरीकर, भाई चेतन बोरीकर, उमा बाई बोरीकर और सुनीता बोरीकर ने बेटी को मानसिक और शारीरिक यातनाएं देनी शुरू कर दी. इस पूरे घटनाक्रम के बीच एक बार बैठक कर मामले को सुझलाने की भी कोशिश की किंतु जब बात बहुत अधिक बढ़ गई तब पीड़िता ने तिरोड़ी थाने में सभी के खिलाफ 01 सितंबर 2024 को एफआईआर दर्ज करवाई. पुलिस ने पति सहित अन्य सभी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 85, 351 (3), 3 (5), दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3, 4 की कार्रवाई की. जांच विवेचना के बाद मामला न्यायालय तक पहुंचा. इस बीच आरोपी परिवार ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया जहां से उमा बाई और सुनीता को राहत मिली लेकिन शेष परिवार को कोई राहत नहीं दी गई. वहीं मंगलवार को आरोपी पति को व्यवहार न्यायालय कटंगी में पेश किया गया. न्यायालय ने आरोपी को जमानत देने से इंकार करते हुए जेल भेज दिया।



### यह है पूरा घटनाक्रम

पीड़ति परिवार के मुताबिक 03 दिसबंर 2023 को आरोपी परिवार ग्राम पौनियां आया और बेटी पसंद कर चले गया. तब आरोपी परिवार ने पीड़ति परिवार को बताया कि कुणाल इंजीनियर है आकलैंड (न्यूजीलैंड) में नौकरी करता है. रिश्ता पक्का होने पर कुणाल ने पीड़िता का मोबाइल नंबर लेकर 04 दिसंबर 2023 को बताया कि न्यूजीलैंड में नागरिकता के लिये रहने के लिये पहले पंजीकृत विवाह करना होता है. पीड़िता के परिजनों ने 10 दिसंबर 2023 को नागपुर पहुंचकर आरोपी परिजनों से बातचीत की और 17 दिसंबर 2023 को रामटेक मंदिर में विवाह संपन्न हुआ और विवाह के बाद युवती अपने पति कुणाल के साथ उसके घर पर रहने लगी थी. इस दौरान युवती के पति कुणाल और सास-ससुर, देवर सभी ने शादी के बाद एक समारोह का आयोजन करने के लिए कहा ताकि उनके सभी रिश्तेदार इस समारोह में शामिल हो सके. वहीं समारोह में आने वाले सभी रिश्तेदारों और उन्हें उपहार में दी जाने वाली सामग्री की एक सूची दी. पीड़ति परिवार ने 24 दिसंबर 2023 को ग्राम तिरोडी के हरि ओम लॉन में कार्यक्रम संपन्न करवाया और आरोपी के सभी रिश्तेदारों को सूची के अनुसार सामग्री दी. इसके अलावा कुणाल को 1 लाख 51 हजार रुपए की नकदी सोने की अंगूठी और चैन भी भेंट की. 25 दिसंबर 2023 को पीड़िता अपने पति व ससुराल वालों के साथ न्यूजीलैंड जाने के लिए लगने वाले दस्तावेजों की कागजी प्रक्रिया के लिए नागपुर चले गई. जहां कुणाल ने कुछ दस्तावेज तैयार करवाए. 31 दिसंबर 2023 को पीड़िता अपने पति कुणाल और अन्य रिश्तेदारों के साथ ग्राम पौनियां आई. जहां पीड़िता के पति और ससुराल पक्ष के लोगों ने माता-पिता से कहा कि बेटा न्यूजीलैंड में काम करता है 5 लाख रुपए महीना कमाता है जो दहेज मिला है वह बहुत कम है इसीलिए 10 लाख कैश और एक कार की मांग करने लगें. जब पीड़िता के माता-पिता ने यह रकम देने से इंकार की तो पीड़िता का पति और सास-ससुर सहित अन्य विवाहिता को परेशान करने लगे और पति ने विदेश ले जाने से इंकार कर दिया।